# श्रीलंका को रौंदने के विचार से मैदान पर उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

लंदन। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत दर्ज करने वाला मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रहे श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले विश्व कप मैच में सेमीफाइनल में पहुंचने के अपने अभियान को गति देने की कोशिश करेगा। आस्ट्रेलिया ने अब तक अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को हराया है लेकिन इस बीच उसे भारत से हार का सामना भी करना पड़ा। अब उसका सामना उस श्रीलंका से है जिसने न्यूजीलैंड से करारी शिकस्त झेलने के बाद अफगानिस्तान पर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके वापसी की लेकिन इसके बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ उसके मैच बारिश की भेंट चढ़ गये। बारिश ने अभी तक विश्व कप में कहर बरपाया और चार मैचों का इस वजह से परिणाम नहीं निकल पाया है। आस्ट्रेलिया के लिये अच्छी खबर यह है कि ओवल में बारिश की बहुत अधिक संभावना नहीं जतायी गयी है और उसका मैच पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। बादल छाये रहने की संभावना है जिसके कारण बल्लेबाजी के लिये अनुकूल पिच पर तेज गेंदबाजों को भी मदद मिल सकती है। आस्ट्रेलिया की टीम इस मैच से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तक भी बढ़ने की कोशिश करेगी क्योंकि तीन जीत के बावजूद वह अभी तक वैसा खेल नहीं दिखा पायी है जैसी की उससे उम्मीद की जाती है। शीर्ष क्रम में डेविड वार्नर की अच्छी फार्म से आस्ट्रेलिया को मजबूती मिली है। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने दो अर्धशतक के अलावा पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 107 रन भी बनाये थे। कप्तान आरोन फिंच से भी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद होगी जबकि स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और शान मार्श भी यहां की परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। आस्ट्रेलिया टीम में लेग स्पिनर एडम जंपा या आफ स्पिनर नाथन लियोन को अंतिम एकादश में रख सकता है और ऐसे में केन रिचर्डसन या नाथन कूल्टर नाइल में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ेगा। श्रीलंका के अब तक चार मैच हो चुके हैं जिनमें से उसे केवल दो में खेलने का मौका मिला जिनमें वह खास असर नहीं छोड़ पाया। उसके पास अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके खुद को साबित करने का मौका है। बल्लेबाजी उसके लिये चिंता का विषय बनी हुई है और ऐसे में मिशेल स्टार्क एंड कंपनी के सामने उसके बललेबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। श्रीलंका की तरफ से अब कप्तान दिमुथ करूणारत्ने और कुसाल परेरा ही कुछ योगदान दे पाये हैं लेकिन अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। श्रीलंका को अगर बेहतर परिणाम हासिल करना है तो अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज और आलराउंडर तिसारा परेरा सहित अन्य बल्लेबाजों को भी लंबी पारियां खेलनी होगी। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबले में आस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच जो 96 वनडे खेले गये हैं उनमें से 60 आस्ट्रेलिया ने और 32 श्रीलंका ने जीते हैं। विश्व कप में दोनों टीमें अब तक नौ बार आमने सामने हुई हैं जिनमें से सात मैच आस्ट्रेलिया ने जीते है। श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को एकमात्र मैच में पराजित किया है लेकिन वह 1996 का विश्व कप फाइनल था। इसके बाद जिन पांच मैच का परिणाम निकला उनमें आस्ट्रेलिया विजयी रहा।

## भारत-पाकिस्तान मैच में भी बारिश का अनुमान, सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा #ShameOnICC

नई दिल्लीः एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप 2019 में अभी तक हुए मैचों में 4 मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं. गुरुवार को नॉटिंघम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला अहम मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया. इसके साथ ही अब तक इस वर्ल्डकप के 4 मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं. ऐसे में अब टीम इंडिया के फैन्स 16 जून रविवार को मैनचेस्टर में होने वाले भारत पाकिस्तान मैच को लेकर भी बारिश का डर सताने लगा है. ऐसा बताया जा रहा है कि मैनचेस्टर में भी बारिश हो सकती है. बारिश के चलते निराश क्रिकेट फैन्स शुक्रवार को एक बार सोशल मीडिया पर लोग आईसीसी पर निशाना साध रहे हैं. ट्विटर पर #ShameOnICC टॉप ट्रेंड में बना हुआ है.



कुछ लोग इस पूरे ग्राउंड को कवर नहीं करने को लेकर आईसीसी पर निशाना साध रहे हैं. कुछ लोग ऐसा भी दावा कर रहे हैं कि 16 जून को मैनचेस्टर में होने वाले भारत पाकिस्तान मैच में भी बारिश आने का अनुमान है.क्योंकि भारतीय ग्राउंड्स पर बारिश के समय पूरे मैदान को कवरअप किया जाता है लेकिन इंग्लैंड में ऐसा नहीं हो रहा है. वहां केवल पिच को कवर किया जा रहा है. जिसके चलते बारिश के रुकने पर भी मैदान में गीलापन रहता है जिससे बॉल के खराब होने से लेकर फील्डिंग में परेशानी जैसी दिक्कतें आती हैं.

वैभव ने मैनचेस्टर में आने वाले दिनों का मौसम पूर्वानुमान भी तस्वीर के माध्यम से शेयर किया इसके साथ ही उन्होंने ट्वीट किया, 'आने वाले ज्यादातर मैचों में बारिश के हावी रहने का अनुमान है.

बहुत अच्छा शेड्यूल है आईसीसी. शर्मिंदगी उठाने से अच्छा हो कि वर्ल्डकप को इंडोर में वीडियो गेम की की तर्ज पर खेला जाना चाहिए.'सिंधियां नाम के ट्विटर अकाउंट से फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर का एक वीडियो GIF शेयर किया है, जिसे देखकर आप भी अपनी हंसी नहीं रोक सकेंगे.

# डिविलियर्स ने वापसी की योजना अच्छी तरह से नहीं बनाई थी: वान डर डुसेन

कार्डिफ। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




एबी डिविलियर्स की जगह दक्षिण अफ्रीकी टीम में जगह बनाने वाले रोसी वान डर डुसेन को हैरानी नहीं है कि यह दिग्गज बल्लेबाज विश्व कप के लिये वापसी करना चाहता था लेकिन उनका मानना है कि उन्हें इसके लिये अच्छी तरह से योजना बनानी चाहिए थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज डुसेन ने जनवरी में पदार्पण करने के बाद अब तक 13 एकदिवसीय मैच खेले हैं। चयनकर्ताओं ने उन्हें डिविलियर्स की जगह चुना जिन्होंने पिछले साल मई में संन्यास ले लिया था लेकिन विश्व कप के लिये टीम चयन की पूर्व संध्या पर वापसी की इच्छा जतायी थी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनका आग्रह ठुकरा दिया जिसने पिछले साल उनसे संन्यास नहीं लेने की अपील की थी। वान डर डुसेन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा कि यह जरूरी नहीं कि मुझसे पूछे जाने वाला सही सवाल हो क्योंकि मैं खुद इसमें शामिल हूं लेकिन अगर वह संन्यास नहीं लेते तो निश्चित तौर पर इससे मैं सीधे प्रभावित होता। उन्होंने कहा, 'एक टीम जो कि पिछले एक साल या उससे भी लंबे समय से साथ में काम रही है और आप टीम चयन की घोषणा से एक दिन पहले आकर यह नहीं कह सकते कि मैं अब वापसी करना चाहता हूं।'वान डर डुसेन ने विश्व कप में अब तक 50, 41, और 22 रन की पारियां खेली हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह गलत हैं या सही इसलिए मुझे गलत उद्धृत नहीं करना लेकिन इससे मुश्किल मिसाल पेश करता भले ही यह गलत न हो क्योंकि वह अब भी एबी है, वह अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी तरफ से इसकी सही तरह से योजना नहीं बनायी थी।'

# World Cup 2019: बिग बी ने ली चुटकी, बोले - 'टूर्नामेंट को भारत में शिफ्ट करो, हमें बारिश चाहिए'

नई दिल्लीः एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप 2019 में बारिश को लेकर अब बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने तंज कसा है. अमिताभ ने अपने एक फैन के ट्वीट पर रिएक्शन देते हुए कहा है कि क्रिकेट वर्ल्डकप को भारत में शिफ्ट किया जाना चाहिए ताकि भारत में भी बारिश हो सके. बता दें कि क्रिकेट वर्ल्डकप में अभी तक हुए मैचों में 4 मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं. बारिश के चलते मैच कैंसिल होने को लेकर सोशल मीडिया पर लोग लगातार आईसीसी पर निशाना साध रहे हैं. गुरुवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बारिश के भेंट चढ़ने के बाद अमिताभ बच्चन के एक फैन राजेश केजरीवाल ने भी कुछ ऐसा ही ट्वीट किया.जिसका जवाब देते हुए अमिताभ ने आईसीसी पर तंज कसा, बिग बी ने अपने रिप्लाई में लिखा, वर्ल्डकप 2019 को भारत में शिफ्ट करो...हमें बारिश की ज्यादा जरूरत है.राकेश केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा था आईसीसी को शर्म आनी चाहिए कि उसने वर्ल्डकप जैसे अहम टूर्नामेंट का ऐसे समय में आयोजन किया जब आधे मैच बारिश की भेंट चढ़ जाएं. बता दें कि गुरुवार को नॉटिंघम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला अहम मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया. इसके साथ ही अब तक इस वर्ल्डकप के 4 मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं. ऐसे में अब टीम इंडिया के फैन्स 16 जून रविवार को मैनचेस्टर में होने वाले भारत पाकिस्तान मैच को लेकर भी बारिश का डर सताने लगा है. ऐसा बताया जा रहा है कि मैनचेस्टर में भी बारिश हो सकती है. बारिश के चलते निराश क्रिकेट फैन्स शुक्रवार को एक बार सोशल मीडिया पर लोग आईसीसी पर निशाना साध रहे हैं. ट्विटर पर #ShameOnICC टॉप ट्रेंड में बना हुआ है.कुछ लोग इस पूरे ग्राउंड को कवर नहीं करने को लेकर आईसीसी पर निशाना साध रहे हैं. कुछ लोग ऐसा भी दावा कर रहे हैं कि 16 जून को मैनचेस्टर में होने वाले भारत पाकिस्तान मैच में भी बारिश आने का अनुमान है.क्योंकि भारतीय ग्राउंड्स पर बारिश के समय पूरे मैदान को कवरअप किया जाता है लेकिन इंग्लैंड में ऐसा नहीं हो रहा है. वहां केवल पिच को कवर किया जा रहा है. जिसके चलते बारिश के रुकने पर भी मैदान में गीलापन रहता है जिससे बॉल के खराब होने से लेकर फील्डिंग में परेशानी जैसी दिक्कतें आती हैं.